खंड–4 अंक–120 दिनांक– 08/02/2019

प्रतिबंधित संचलन

के, रि, पु, बल ई–संवाद

सेवा एवं निष्ठा

महानिदेशक सीआरपीएफ का झारखंड दौरा

31 जनवरी और 01 फरवरी को श्री राजीव राय भटनागर, भापुसे, महानिदेशक सीआरपीएफ ने श्री कुलदीप सिंह, भापुसे, अपर महानिदेशक मध्य जोन और श्री विजय कुमार, भापुसे, महानिरीक्षक(परि.) महानिदेशालय के साथ झारखंड का दौरा किया और जवानों से मुलाकात की और झारखंड में हाल ही में संचालित सफल नक्सल रोधी आपरेशनों में उनके प्रयासों की सराहना की तथा 134 बटा सीआरपीएफ, 209 और 203 कोबरा की उपलब्धियों का सम्मान किया। महानिदेशक द्वारा योग्य कमांडो/जवानों को महानिदेशक डिस्क से सम्मानित किया।

झारखंड दौरे के दौरान महानिदेशक सीआरपीएफ ने 209 कोबरा के अस्पताल का भी दौरा किया और नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए बहादुर जवानों से मुलाकात की। घायल होने के बावजूद जवानों ने अपनी विजयी मुस्कान के साथ बल प्रमुख का अभिवादन किया।

झारखंड सेक्टर ने शुरू किया कपड़ा बैंक

सीआरपीएफ ने क्लॉथ बैंक तैयार कर स्वयंसेवी संस्था सीड्स की मदद से दान किये 10 हजार कपड़े

- सीआरपीएफ के झारखंड सेक्टर ने तैयार किया है क्लॉथ बैंक
- जरूरतमंद लोगों के बीच सीड्स संस्था दान कर रही है कपड़ा

सुविधाओं से वंचित जनसाधारण और वो जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र के भीतरी जंगलों में बसे हैं उनके जीवन में मूल असुविधा को महसूस करते हुए उन्हें ठंड के मौसम में आरामदेह आवरण देने के उद्देश्य से झारखंड सेक्टर ने एक अनूठी पहल की है। झारखंड सेक्टर सीआरपीएफ की यूनिटों के अधिकारियों और जवानों ने मिलकर 10000 से ज़्यादा व्यक्तिगत कपड़े दान कर एक कपड़ा बैंक बनाया है।

गरीबों के लिए जमीनी स्तर पर प्रयासों को बढ़ाने में विशेषज्ञ जमशेदपुर में विश्व स्तरीय प्रबंधन संस्थान एक्सएलआरआई में स्थित सीड्स नाम के एक एनजीओ के साथ सहयोग करते हुए यह कपड़े उन्हें सौंपे गए जो इन्हें जरूरतमंद लोगों के बीच वितरित करने का अभियान चलाएंगे। 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर ग्रुप केंद्र जमशेदपुर में एक कार्यक्रम के दौरान आधिकारिक रूप से लांच करते हुए इसे जॉय ऑफ शेयरिंग का नाम दिया गया, कड़ाके के ठंडे मौसम में यह प्रयास जरूरतमंद लोगों को आराम उपलब्ध करवाएगा।

सीआरपीएफ द्वारा घायल नक्सली को मदद

घायल नक्सली को सीआरपीएफ के जवान ने दिया खून, बची जान

29 जनवरी 2019 को 209 कोबरा की एक टीम पर नक्सली हमले के दौरान हुई मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हुए एक नक्सली की जान बचाने के लिए 5 फरवरी 2019 को सीआरपीएफ के सिपाही राजकमल ने रक्तदान किया। राजकमल ने कहा कि उन्होंने एक जरूरतमंद भारतीय साथी की जान बचाने के लिए इसे अपना कर्तव्य मानकर किया।